‘महात्मा गांधी की दृष्टि, राधाकृष्ण का उद्यम’ पुस्तक का लोकार्पण 7 अक्टूबर 2024 को

- पुस्तक प्रख्यात गांधीवादी विचारक के.एस. राधाकृष्ण के जीवन को समर्पित

नई दिल्ली।

प्रख्यात गांधीवादी विचारक व महात्मा गांधी के अनुयायी के.एस. राधाकृष्ण के जीवन को समर्पित ‘महात्मा गांधी की दृष्टि, राधाकृष्ण का उद्यम : जीवन, विचार व कार्य’ पुस्तक का लोकार्पण सोमवार 7 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित होटल जनपथ परिसर के समवेत सभागार में शाम चार बजे होगा।

गांधीयन फोरम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी व लेखिका डा. शोभना राधाकृष्ण ने बताया कि राधाकृष्ण शताब्दी समारोह श्रृंखला के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के तत्वावधान में होने वाले इस पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में हरिजन सेवक संघ के उपाध्यक्ष डा. लक्ष्मीदास, केयर इंडिया के अध्यक्ष मैथ्यू चेरियन व मध्यप्रदेश फाउंडेशन के महासचिव डा. हरीश भल्ला वक्ता होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यास के अध्यक्ष रामबहादुर राय करेंगे। राधाकृष्ण की पुत्री व ‘गांधीकथा’ के लिए विश्व भर में ख्यात डा. शोभना ने बताया इस कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के साथ बिताए राधाकृष्ण के जीवन व उनके कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। इस दौरान एक सत्र विचार विमर्श का भी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के सदस्य सचिव डा. सच्चिदानंद जोशी व कलाकोश विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुधीर लाल के साथ ही देश भर के गांधीवादी विचारक व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।